झाण-सारो

(ध्यान सार)

मंगल आशीर्वाद :

परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती
श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज

लेखक :

आचार्य वसुनंदी मुनि

जिनशासन नायक भगवान् महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण महोत्सव पर परम पूज्य राष्ट्र हितैषी संत, अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज द्वारा वी. नि. सं. 2550-2551 (सन् नव. 2023-नव. 2024) को **"अहिंसकाहार वर्ष"** के रूप में उद्घोषित किया गया। इसी **"अहिंसकाहार वर्ष"** के उपलक्ष्य में प्रकाशित

ग्रंथ : झाण-सारो (ध्यान सार)

मंगल आशीर्वाद : परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 विद्यानन्द जी मुनिराज

ग्रंथकार : आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज

सम्पादन : आर्यिका वर्धस्व नंदनी

संस्करण : प्रथम (सन् 2024)

प्रतियाँ : 1000

ISBN : **978-93-94199-47-7**

मूल्य : 35/- (Not for Sale)

प्रकाशक : निर्ग्रन्थ ग्रंथमाला समिति (रजि.)

प्राप्ति स्थल : C/117, बेसमेंट, सेक्टर 51, नोएडा-201301
मो. 9971548889, 8800091252

मुद्रक : मित्तल इंडस्ट्रीज़, नई दिल्ली
मो. 9312401976

Visit us @ www.acharyavasunandi.com
www.shreevasuvidya.com

संपादकीय

वज्रं रत्नेषु गोशीर्षं चंदने च यथा मतम्।
ज्ञेयं मणिषु वैडूर्यं तथा ध्यानं व्रतादिषु।।

(आचार्य अमितगति, मरणकंडिका, 1920)

जैसे रत्नों में श्रेष्ठ रत्न हीरा है, चंदन में श्रेष्ठ चंदन गोशीर्ष है, मणियों में श्रेष्ठ मणि वैडूर्य है वैसे व्रत, संयम आदि में श्रेष्ठ ध्यान है, ऐसा जानना चाहिए।

श्रुतज्ञानेन मनसा यतो ध्यायन्ति योगिनः।
ततः स्थिरं मनोध्यानं श्रुतज्ञानं च तात्त्विकम्।।

(मुनि नागसेन, तत्त्वानुशासन, 68)

क्योंकि योगी श्रुतज्ञान रूपी मन के द्वारा ध्यान करते हैं, इसलिए वास्तव में श्रुतज्ञान रूपी स्थिर मन ध्यान कहलाता है।

जे झायंति सदव्वं, परदव्व परम्मुहा दु सुचरित्ता।
ते जिणवराण मग्गे, अणुलग्गा लहहिं णिव्वाणं।।

(आचार्य कुंदकुंद स्वामी, मोक्षपाहुड़, 19)

जो मुनि परद्रव्य से पराङ्मुख होकर स्वद्रव्य जो निज आत्मद्रव्य का ध्यान करते हैं वे प्रगट निर्दोष चारित्र युक्त होते हुए जिनवर तीर्थंकरों के मार्ग का अनुसरण करते हुए निर्वाण को प्राप्त होते हैं।

ध्यान शब्द का अर्थ है मन की किसी एक बिन्दु पर स्थिरता वा चिंता निरोध कर मन की एकाग्रता। ध्यान का स्थान साधना पद्धति में सर्वोपरि है। दर्शन-ज्ञानादि गुणों से परिपूर्ण और अन्य द्रव्य के संसर्ग से रहित चेतना की अवस्था ही ध्यान

है। मन को वानर वा दुष्ट अश्व आदि की संज्ञा शास्त्रों में दी गई है, जो कुमार्ग की ओर शीघ्रता से अग्रसर हो जाता है। यह मन स्वभावतः अतिचंचल है। मन में तीव्रता से उठने वाले विकल्प आकुलता पुनः चिंता, तनाव, अवसाद वा अन्य रोगों के कारण भी बन जाते हैं। यदि विश्राम शरीर की आवश्यकता है तो मन की भी आवश्यकता है। ध्यान से ही मन को विश्रांति मिलती है। मन को तनावमुक्त करने व अशुभ से शुभ की ओर लाने की साधना- पद्धति ध्यान है।

प्रशस्त व अप्रशस्त रूप से ध्यान के दो भेद कहे जा सकते हैं। धर्मध्यान व शुक्लध्यान प्रशस्त तथा आर्त व रौद्रध्यान अप्रशस्त है। प्रशस्त ध्यान शांति, प्रसन्नता, दुःख-मुक्ति व निर्वाण का कारण है। जबकि अप्रशस्त ध्यान इसके विपरीत दुःख व संसार का कारण है। सम्यग्दर्शन की प्राप्ति के बाद ही प्रशस्त ध्यान संभव है।

ध्यान योगी के साथ-साथ भोगी के लिए भी आवश्यक है। जिस प्रकार जल वस्त्र की मलिनता को दूर कर देता है उसी प्रकार ध्यान आत्मा को कर्मों के मालिन्य से मुक्त कर देता है।

जिसका चित्त ध्यान में संलग्न है वह शोक, विषाद, ईर्ष्या, तनाव आदि मानसिक दुःखों से पीड़ित नहीं होता। ध्यान आत्मविशुद्धि का तो कारण है ही इसके साथ इससे मानसिक व शारीरिक दुःखों से भी मुक्ति मिल जाती है। Cardio की problem face कर रहे हर व्यक्ति को डॉक्टर्स भी ध्यान की सलाह देते हैं। अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा 'फैमिली मेडिकल गाइड' में हर व्यक्ति को प्रतिदिन ध्यान की सलाह दी है।

अमेरिकन डॉ. आरनिश ने 'रिवर्सिंग हार्ट डिसीज' में ध्यान की मुख्यता बतायी है।

डॉ. राबर्ट एन्थनी की पुस्तक 'टोटल सेल्फ कॉन्फिडेन्स' में ध्यान करने से तनाव, ब्लड प्रेशर, कॉलेस्ट्रॉल, हृदय रोग, ड्रग एवं नशे की आदत में कमी, अस्थमा में राहत और एलर्जी से छुटकारा आदि लाभ बताए हैं।

डॉ. डेविड डब्ल्यू आर्मे जॉन्सन ने एक अनुसंधान 'ऑटोनॉमिक स्टैबिलिटी एंड मेडीटेशन' द्वारा यह निष्कर्ष निकाला है कि ध्यान करने से व्यक्ति के तंत्रिका तंत्र के क्रिया-कलापों में एक विशेष गति व चेतना प्रकट होती है जिससे उसके सभी कार्य नियमित व स्थायी रूप से होने लगते हैं।

डॉ. दीपक चोपड़ा जिन्हें 20वीं सदी के 100 Icons and Heroes में एक स्थान दिया गया था। उनके अनुसार ध्यान के बराबर कोई ऐसी रासायनिक औषधि नहीं बनी जिसमें कैंसर या हृदय रोग की इतनी अधिक रोकथाम की जा सके।

ध्यान में ही वह अभूतपूर्व शक्ति होती है जो अग्नि की भाँति करोड़ों वर्षों के संचित शुभ व अशुभ कर्मों को अन्तर्मुहूर्त मात्र में जला देती है। कहा भी है "**झाणग्गी खयदि सव्वकम्माणि अइरं।**"

प्रस्तुत ग्रंथ '**झाण-सारो**' ध्यानसार परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज द्वारा लिखित है, जो 138 गाथाओं में निबद्ध है। इसके अंतर्गत ध्यान का स्वरूप, भेद, महत्व आदि का वर्णन है। आर्त व रौद्रध्यान इन अप्रशस्त ध्यान एवं धर्म व शुक्ल इन प्रशस्त ध्यान का वर्णन है। ॐ,

सोम, व्योम, विलोम, पदस्थ आदि ध्यानों का भी कथन है। आचार्य भगवन् ने ध्यान करने की प्रेरणा से पूर्व कुछ चीजों के परिहार का कथन किया है–

मिच्छत्तपढममुज्झिय, संसारवड्ढगसक्कार-विदियं।
सव्व-असंजम-तिदियं, कुणदु वित्तिं झाणमग्गम्मि।।125।।

प्रथम मिथ्यात्व, द्वितीय संसारवर्द्धक संस्कार एवं तृतीय सर्व असंयम का त्याग कर ध्यान मार्ग में प्रवृत्ति करें।

ध्यान के सुप्रभावों का कथन करते हुए आचार्य श्री ने कहा है–

वरझाणेण खयंते, रोयसोयभयदुगुंछाविग्घाणि।
वड्ढदि णाणं सत्ती, कंति-संती सुह-मारोग्गं।।135।।

उत्कृष्ट ध्यान से रोग, शोक, भय, ग्लानि व विघ्न नष्ट होते हैं एवं ज्ञान, शक्ति, कांति, शांति, सुख व आरोग्य वृद्धिंगत होते हैं।

जीवन-शैली में 'ध्यान' का होना उनकी स्वस्थ जीवन चर्या व सकारात्मक मानसिकता का द्योतक है। अतः आचार्य भगवन् द्वारा प्रणीत यह ग्रंथ सबके द्वारा पठनीय है।

आचार्य भगवन् की अविच्छिन्न लेखनी उनकी अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगिता को प्रमाणित करती है। सिद्धांत आदि के कठिन विषयों वा बहुजनोपयोगी सामान्य विषयों पर उनकी लेखनी सदैव प्रवर्तमान रहती है। यह समाज, देश वा राष्ट्र युगों-युगों तक भी उनके द्वारा प्रदान किए गये श्रुत को विस्मृत न कर सकेगा एवं शताब्दियाँ उनके प्रति अपना कृतज्ञ भाव अवश्य व्यक्त करेंगी।

प्रस्तुत ग्रंथ 'झाण-सारो' अर्थात् 'ध्यानसार' के संपादन में कोई त्रुटि रह गई हो तो विज्ञजन संशोधित कर पढ़ें, हंसवत् गुणग्राही दृष्टि से ग्रंथाध्ययन करें। जन-जन के श्रद्धापुंज परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य गुरुवर श्री वसुनंदी जी मुनिराज का संयम, ज्ञान व साधना का सौरभ सहस्र वर्षों तक विश्व को सुरभित करता रहे। परम पूज्य आचार्य गुरुवर के चरणों में सिद्ध, श्रुत, आचार्य भक्ति सहित कोटिशः नमोस्तु... नमोस्तु.... नमोस्तु....।

'जैनम् जयतु शासनम्'

श्री शुभमिति आश्विन शुक्ल अष्टमी — ॐ अर्हं नमः

वीर निर्वाण संवत् 2550 — **आर्यिका वर्धस्वनंदनी**

शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024

अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा

राजस्थान

अनुक्रमणिका

क्र. सं.	विषय	गाथा सं.	पृ. सं.
1.	मंगलाचरण	1-2	1
2.	ग्रंथ प्रतिज्ञा	3	1
3.	मोक्षमार्गी के ज्ञान व ध्यान	4	2
4.	प्रमुख तप- ध्यान	5	2
5.	कर्मनाशक- ध्यान	6	2
6.	ध्यान से चित्त शुद्धि	7	2
7.	ध्यान बिना मोक्षमार्ग की सिद्धि नहीं	8	3
8.	ध्यान का स्वरूप	9	3
9.	ध्यान भेद	10	3
10.	उत्तम संहनन से उत्तम ध्यान	11	4
11.	आर्तध्यान भेद	12	4
12.	इष्टवियोग आर्तध्यान	13	4
13.	अनिष्टसंयोग आर्तध्यान	14	4
14.	पीडा-चिंतन आर्तध्यान	15	5
15.	निदान आर्तध्यान	16	5
16.	आर्तध्यान का कुप्रभाव	17	5
17.	रौद्रध्यान व भेद	18-19	6
18.	हिंसानंदी रौद्रध्यान	20	6
19.	मृषानंदी रौद्रध्यान	21	6
20.	चौर्यानंदी रौद्रध्यान	22	7
21.	परिग्रहसंरक्षणानंदी रौद्रध्यान	23	7
22.	रौद्रध्यान का कुप्रभाव	24	7

23.	धर्मध्यान-सुख का हेतु	25	8
24.	धर्मध्यान स्वरूप	26	8
25.	ॐ का ध्यान	27	8
26.	ॐ में तीनों लोक	28	8
27.	ॐ में तीन शक्ति	29	9
28.	ॐ में देव-शास्त्र-गुरु	30	9
29.	ॐ में गुरु माता-पिता भी दृष्टिगोचर	31	9
30.	ॐ सर्वशक्ति वास	32	10
31.	ॐ में अरिहंत भगवान	33	10
32.	ॐ में सिद्ध परमेष्ठी	34	10
33.	ॐ में आचार्य परमेष्ठी	35	11
34.	ॐ में उपाध्याय परमेष्ठी	36	11
35.	ॐ में साधु परमेष्ठी	37	11
36.	ॐ के ध्यान का फल	38	11
37.	सोम/चंद्र का ध्यान	39-41	12
38.	विलोम ध्यान	42	13
39.	व्योम ध्यान का स्वरूप	43	13
40.	आज्ञाविचय धर्मध्यान	44-45	13-14
41.	अपायविचय धर्मध्यान	46	14
42.	विपाकविचय धर्मध्यान	47	14
43.	कर्मफल चिंतन	48	14
44.	पुरुषार्थ बल से ही कर्मक्षय	49	15
45.	संस्थानविचय धर्मध्यान	50-52	15
46.	उपायविचय धर्मध्यान	53-54	16
47.	जीवविचय धर्मध्यान	55	16
48.	अजीवविचय धर्मध्यान	56-62	16-17
49.	हेतुविचय धर्मध्यान	63-64	18

50.	विरागविचय धर्मध्यान	65-67	18-19
51.	वैराग्य ही सारभूत	68	19
52.	संसार स्वरूप	69	19
53.	भवविचय धर्मध्यान	70	20
54.	द्रव्य परिवर्तन	71-72	20
55.	क्षेत्र परिवर्तन	73	21
56.	काल परिवर्तन	74	22
57.	भव परिवर्तन	75-77	22
58.	भाव परिवर्तन	78	24
59.	पदस्थादि धर्मध्यान	79	25
60.	पाँच धारणा	80-81	26
61.	शुक्लध्यान भेद	82	26
62.	पृथक्त्ववितर्क वीचार	83	26
63.	प्रथम शुक्लध्यान कहाँ?	84-85	27
64.	एकत्ववितर्क अवीचार स्वरूप व स्थिति	86-87	27
65.	सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाती स्वरूप व स्थिति	88-91	28-29
66.	व्युपरतक्रियानिवृत्ति स्वरूप व स्थिति	92	29
67.	सिद्धों में ध्यान की प्रवृत्ति नहीं	93	29
68.	आर्तध्यान का सद्भाव	94-95	29-30
69.	रौद्रध्यान का सद्भाव	96-97	30
70.	रौद्रध्यान का अभाव	98	30
71.	धर्मध्यान का सद्भाव	99-100	31
72.	शुक्लध्यान किसके संभव नहीं	101	31
73.	शुक्लध्यान किसके?	102-103	31-32
74.	गुणस्थानापेक्षया ध्यान स्थिति	104	32

75.	शुक्लध्यान हेतु आवश्यक संहनन	105-106	32-33
76.	प्रशस्त ध्यान निमित्त	107-108	33
77.	ध्यान हेतु प्रशस्त द्रव्य	109	33
78.	प्रशस्त क्षेत्र	111-112	34
79.	प्रशस्त काल	113	34
80.	प्रशस्त भाव	114	35
81.	भावश्रुत ज्ञान से मनःस्थैर्य	115	35
82.	दुर्गति का पथिक कौन?	116-117	35
83.	शुभाशुभ ध्यान से शुद्धाशुद्ध चित्त	118	36
84.	ध्यान हेतु त्रैयोग निर्मलता आवश्यक	119	36
85.	ध्यान के हेतु	120	36
86.	ध्यान स्थान	121-122	36-37
87.	आत्मशक्ति हेतु जप	123	38
88.	शुभ चिंतन निर्देश	124	37
89.	ध्यानमार्ग में प्रवृत्ति	125	37
90.	ध्यान का निर्देश	126	38
91.	ध्यान से मोक्ष वा दुर्गति भी	127-128	38
92.	कर्मक्षय हेतु निश्चल ध्यान	129	38
93.	योगों के ही उत्कृष्ट ध्यान	130	39
94.	निश्चय ध्यान में सर्व गुण पालन	131-32	39
95.	योगीगम्य-निज स्वरूप	133	39
96.	भेदाभेद-ध्यान, ध्येय, ध्याता व फल	134	40
97.	उत्कृष्ट ध्यान के सुप्रभाव	135	40
98.	अंतिम मंगलाचरण	136	40
99.	प्रशस्ति	137-138	41

झाण-सारो

(ध्यान सार)

मंगलाचरण

सिद्धा सयलजिणिंदा, जिणागमं णमिय णिग्गंथसमणा।
वोच्छामि झाणसारं, सव्वकम्मं च खयेदुं हं॥1॥

श्री सिद्ध परमेष्ठी, सर्व जिनेन्द्रों, जिनागम व निर्ग्रंथ श्रमणों को सर्व कर्मों के क्षय के लिए नमस्कार कर मैं (आचार्य वसुनंदी मुनि) झाण-सारो (ध्यान सार) नामक ग्रंथ को कहता हूँ।

उसहप्पहुडि-वीरजिण-पज्जंतं सिरिमंदिराइ-तित्था।
सामण्ण-केवलिणो य, सुदकेवली गणेसा थुवमि॥2॥

श्री वृषभदेव आदि श्री महावीरजिन पर्यंत समस्त वर्तमान तीर्थंकर, श्री सीमंधर आदि विद्यमान तीर्थंकर, सामान्य केवली, श्रुतकेवली एवं गणधरों की मैं स्तुति करता हूँ।

ग्रंथ प्रतिज्ञा

सुहज्झाणेणं विणा, को वि कयावि णो लहदि णिव्वाणं।
ण लहीअ ण लहिस्सेदि, तं झाणसारं दु वोच्छामि॥3॥

शुभ ध्यान के बिना कोई भी कभी भी निर्वाण प्राप्त नहीं कर सकता, ना किसी ने निर्वाण प्राप्त किया है और ना ही कभी निर्वाण प्राप्त कर सकेगा। अतः उस 'झाणसारो' (ध्यानसार) नामक ग्रंथ को कहता हूँ।

मोक्षमार्गी के ज्ञान व ध्यान

जले गदि- सीयलत्तं, दाणं पूया जह उवासगेसुं।
अक्के ताव-पयासो, णाणं झाणं सिवमग्गीसु॥4॥

जिस प्रकार नीर में गति व शीतलता, सूर्य में ताप व प्रकाश, उपासकों में दान व पूजा होती है उसी प्रकार मोक्षमार्गियों में तप व ध्यान जानना चाहिए।

प्रमुख तप-ध्यान

परमेट्ठीसु सिद्धोव्व, जीवोव्व दव्वपदत्थेसुं तहा।
अरिहेसु तित्थयरोव्व, पहाणं सुतवेसुं झाणं॥5॥

जिस प्रकार परमेष्ठियों में सिद्ध, द्रव्य व पदार्थों में जीव एवं अरिहंतों में तीर्थंकर होते हैं उसी प्रकार सम्यक् तपों में ध्यान प्रधान होता है।

कर्मनाशक-ध्यान

झामदि इंधण-मणलो, जह तह सुदाणं गिहत्थ-पावाणि।
पसत्थ-झाणं जदीण, खयदे असुह-इदर-कम्माणि॥6॥

जैसे अग्नि ईंधन को जलाती है, सम्यक् दान गृहस्थ के पापों को नष्ट करता है उसी प्रकार प्रशस्त ध्यान यतियों के अशुभ व इतर कर्मों को नष्ट करता है।

ध्यान से चित्त शुद्धि

सुज्झदि कणग-मणलेण, सरीरं रयणत्तय-साहणाए।
वयणं वयण-गुत्तीइ, जह तह चित्तं वर-झाणेण॥7॥

जिस प्रकार अग्नि से स्वर्ण शुद्ध होता है, वचन गुप्ति से वचन शुद्ध होते हैं, रत्नत्रय की साधना से शरीर शुद्ध होता है उसी प्रकार उत्कृष्ट ध्यान से चित्त शुद्ध होता है।

ध्यान बिना मोक्षमार्ग की सिद्धि नहीं

रवितावेण विणा पुप्फेसु मयरंदो महुरिमा फलेसु।
जह तह वरझाणेणं, विणा मोक्खमग्गसिद्धी णो।।8।।

जिस प्रकार सूर्य के ताप के बिना पुष्पों में पराग व फलों में मधुरता नहीं होती उसी प्रकार उत्कृष्ट ध्यान के बिना मोक्षमार्ग की सिद्धि नहीं होती।

ध्यान का स्वरूप

चित्त-विक्खेवचागो, एगग्गचिंताणिरोहो सुहम्मि।
सम्मभावणाणे वा, चित्तथिरिमा पसत्थझाणं।।9।।

चित्त विक्षेप का त्याग ध्यान है अथवा शुभ में एकाग्र होकर चिंता का निरोध करना अथवा सम्यक् भावज्ञान में चित्त की स्थिरता प्रशस्त ध्यान है।

ध्यान भेद

अट्टं रुद्दं धम्मं, सुक्कज्झाणं च चदुविहं झाणं।
उत्तरभेया सोलस-संखेज्जासंखेज्जणंता।।10।।

आर्त्तध्यान, रौद्रध्यान, धर्मध्यान व शुक्लध्यान के भेद से ध्यान चार प्रकार का जानना चाहिए। ध्यान के उत्तर भेद सोलह व उत्तरोत्तर भेद संख्यात, असंख्यात व अनंत हैं।

उत्तम संहनन से उत्तम ध्यान

उत्तमसंघडणजुदा, सक्का पप्पोदु-मुक्किट्ठझाणं।
हीणा इदरं झाणं लहंति सग-सग-परिणामेहि॥11॥

उत्तम संहनन से युक्त जीव ही उत्कृष्ट शुक्लध्यान को प्राप्त करने में समर्थ होते हैं। हीन संहनन से युक्त जीव अपने-अपने परिणामों से इससे इतर ध्यान को प्राप्त करते हैं।

आर्तध्यान भेद

इट्ठविओगो अणिट्ठ-संजोगो वेयणा तह णिदाणं।
चउविह-अट्टज्झाणं, असुहगदि-बंध-हेदू जाण॥12॥

इष्ट वियोग, अनिष्ट संयोग, वेदना तथा निदान ये चार प्रकार का आर्त्तध्यान जानना चाहिए। यह अशुभ गति के बंध का कारण है।

इष्टवियोग आर्तध्यान

पिदु-मादु-इत्थी-पुत्त-इट्ठ-सगजण-परिजण-पुरजणाणं।
विहव-वत्थु-वाहणादि-विओगजं पढमं झाणं दु॥13॥

पिता, माता, स्त्री, पुत्र, इष्टजन, स्वजन, परिजन, पुरजन, वैभव, वस्तु एवं वाहनादि के वियोग से उत्पन्न होने वाला प्रथम इष्टवियोग नामक आर्त्तध्यान जानना चाहिए।

अनिष्ट संयोग आर्तध्यान

दुट्ठ-अणिट्ठ-जीवाण, दुहद-वत्थु-विसकंडग-बंधणाण।
संकलाइ-असुह-चदुट्ठय-संजोगजं खलु विदियं॥14॥

दुष्ट, अनिष्ट जीवों, दुखद वस्तु, विष, कंटक, बंधन, सांकल एवं अशुभ चतुष्टय (द्रव्य, क्षेत्र, काल व भाव) के संयोग से उत्पन्न दूसरा अनिष्ट संयोग नामक आर्त्तध्यान है।

पीड़ा चिंतन आर्तध्यान

मम्मभेदग-विसज-वाहिज-घादज-पीडाए चिंतणं दु।
पीडाचिंतण-तिदियं, दुग्गदीइ कारणं णियमा॥15॥

व्याधि, विष व घात से उत्पन्न मर्मभेदक पीड़ा का चिंतन करना तृतीय पीड़ा चिंतन नामक तृतीय आर्त्तध्यान कहलाता है। वह नियम से दुर्गति का कारण है।

निदान आर्तध्यान

अग्गिम-भवेसु जीवो, जो पकुव्वेदि तिव्वभोग-कंखं।
णिदाणं मुणेदव्वं, अट्टज्झाणं जिणागमेण॥16॥

जो जीव अग्रिम भवों में तीव्र भोगों की आकांक्षा करता है वह जिनागम से निदान नामक आर्त्तध्यान जानना चाहिए।

आर्तध्यान का कुप्रभाव

चउविह-अट्टज्झाणं, दुग्गदिं पदायिदुं अपि समट्ठं।
संकिलेस-जणगं चिय, धम्मणासग-मघकारगं च॥17॥

चार प्रकार का आर्त्तध्यान संक्लेशता का जनक, धर्म का नाशक, पाप कारक और दुर्गति भी प्रदान करने में समर्थ होता है।

रौद्रध्यान व भेद

रुद्द-कारणं रुद्दं, णिरयाइ-दुग्गदि-कारणं णिच्चं।
तेसुं भावेसुं सदि, णिरयाउं बंधदे णियमा॥18॥

रौद्रता का कारण रौद्र ध्यान है। यह नित्य नरकादि दुर्गति का कारण है। उन रौद्र भावों के होने पर जीव नियम से नरकायु का बंध करता है।

हिंसामुसाणंदी य चोरिआणंदि-परिग्गहाणंदी।
पंचपावेसु णंददि, जो सो जीवो महापावी॥19॥

हिंसानंदी, मृषानंदी, चौर्यानंदी व परिग्रहानंदी-ये चार प्रकार के रौद्रध्यान हैं। जो जीव पाँच पापों में आनंदित होता है वह महापापी है।

हिंसानंदी रौद्रध्यान

चउगदीसु विज्जंता, पडि घादभावेण तिजोगेहि वा।
पच्चक्खे हिंसाए, णंददि हिंसाणंदि-जुत्तो॥20॥

जो चार गतियों में विद्यमान जीवों के प्रति त्रियोग से घात के भाव से वा प्रत्यक्ष में हिंसा से आनंदित होता है वह हिंसानंदी रौद्रध्यान से युक्त जानना चाहिए।

मृषानंदी रौद्रध्यान

सावज्ज-मलीगं पर-णिंदगं अधम्मवयणं वदित्ता।
लहदि तेसु आणंदं, मुसाणंदि-झाण-संजुत्तो॥21॥

जो सावद्य, अलीक, दूसरों की निंदा करने वाले वा अधर्म के वचन बोलकर उनमें आनंद प्राप्त करता है वह मृषानंदी रौद्रध्यान से युक्त जानना चाहिए।

चौर्यानंदी रौद्रध्यान

परवत्थुं इत्थिं धण-धण्णं पुत्तं हरिय भूमिमादिं।
मण्णदि जो आणंदं, चोरिआणंदि-संजुदो सो॥22॥

जो दूसरों की वस्तु, स्त्री, धन-धान्य, पुत्र व भूमि आदि का हरणकर आनंद मानता है वह चौर्यानंदी रौद्रध्यान से युक्त जानना चाहिए।

परिग्रहसंरक्षणानंदी रौद्रध्यान

विसयं सेवेदुं पण-इंदिय-संबंधिदत्था संगहिय।
तेसुं णंददि जो सो, परिग्गहाणंदी पावी दु॥23॥

जो विषय सेवन के लिए पंच इंद्रिय संबंधित अर्थ का संग्रह कर उनमें आनंदित होता है वह पापी परिग्रहानंदी रौद्रध्यानी जानना चाहिए।

रौद्रध्यान का कुप्रभाव

चउविह-वर-दुक्खाइं, दव्व-खेत्त-काल-भाव-जणिदाइं।
जत्थ अवि तिसु लोगेसु, ताणि रुद्दज्झाणफलाइं॥24॥

द्रव्य, क्षेत्र, काल व भाव से उत्पन्न चार प्रकार के उत्कृष्ट दु:ख तीनों लोकों में जहाँ भी हों वह रौद्रध्यान का फल ही जानना चाहिए।

धर्मध्यान-सुख का हेतु

लीणो चित्तं धम्मे, कुव्वेदि जो को वि सम्मादिट्ठी।
णियमा धम्मज्झाणं, भवसुहकारणं सय ताणं॥25॥

जो कोई भी सम्यग्दृष्टि सदा धर्म में चित्त लीन करता है वह धर्मध्यान उनके लिए नियम से भव सुख का कारण जानना चाहिए।

धर्मध्यान स्वरूप

जं सय णिमित्तरूवं, आगरिसेदुं सुद्धसहावं पडि।
विहावादु विरत्तीइ, णेयं हु धम्मज्झाणं तं॥26॥

जो जीव को शुद्ध स्वभाव के प्रति आकर्षित करने में एवं विभाव से विरक्ति के लिए निमित्त रूप है वह धर्मध्यान जानना चाहिए।

ॐ का ध्यान

अरिहंता असरीरा, आइरिया उवज्झाय-मुणिराया।
पत्तेय-परमेट्ठीण, ओं पढमक्खर-संजोगेण॥27॥

अरिहंत, अशरीरी, आचार्य, उपाध्याय व मुनिराज इन प्रत्येक परमेष्ठी के प्रथम अक्षर के संयोग से 'ॐ' बीजाक्षर बनता है।

(अ + अ + आ + उ + म = ओम) इस प्रकार ॐ में पंचपरमेष्ठी का समावेश है।

ॐ में तीनों लोक

लोगो तिविहो णेयो, सुहीहि उड्ढ-अह-मज्झ-भेयादो।
ओं पणव-बीअक्खरो, ताणं पढमक्खर-जोगेण॥28॥

सुधीजनों के द्वारा ऊर्ध्व, अधो व मध्यलोक के भेद से लोक तीन प्रकार का जानना चाहिए। इन तीन लोक के प्रथम अक्षर के योग से (अ + अ + म = ओम्) ओम् प्रणव बीजाक्षर बनता है। इस प्रकार ओम् तीन लोक की शक्ति का समावेश है।

ॐ में तीन शक्ति

तिसत्तिरूवाणं खलु, आवेगुच्छाहमज्झत्थाणं च।
पढमक्खर-जोगेणं, ओं होदि महासत्ति-पुंजो॥29॥

आवेग, उत्साह व माध्यस्थ इन तीन शक्तियों के प्रथम अक्षर के संयोग से (आ + उ + म =ओम्) ओम् महाशक्ति का पुंज होता है।

ॐ में देव-शास्त्र-गुरु

अत्तो देववायगो, उवएसो जिणवाणीवायगो दु।
मुणी गुरू णिग्गंथा, तियपढमक्खरजोगेण ओं॥30॥

आप्त वीतरागी देव का वाचक है, उपदेश जिनवाणी का वाचक है एवं मुनिवर निर्ग्रन्थ गुरु कहलाते हैं। इन तीनों के प्रथम अक्षर के योग से (आ + उ + म = ओम्) ओम् प्रणव बीजाक्षर का निर्माण होता है। इस प्रकार ओम् में देव-शास्त्र व गुरु तीनों का समावेश है।

ॐ में गुरु-पिता-माता भी दृष्टिगोचर

आदेसगो गुरू चिय, उप्पायगो दु जणगो मण्णेज्जा।
मादू ममत्तजुत्ता, ओं तियपढमक्खरजोगेण॥31॥

गुरु आदेशक, जनक, उत्पादक व ममत्व से युक्त माता माननी चाहिए। इन तीनों के प्रथम अक्षर के संयोग से (आ + उ + म = ओम्) ओम् का निर्माण होता है। इस प्रकार ओम् में गुरु, माता व पिता भी दृष्टिगोचर होते हैं।

ॐ में सर्वशक्ति वास

ओं-सद्दम्मि विज्जेदि, अप्पहिदं उवयार-मंतसत्ती।
तम्हा सज्जणा सया, ओं झाएज्जा खलु सव्वत्थ॥32॥

ओम् शब्द में आत्मा का हित एवं उपकार की मंत्रशक्ति विद्यमान है। इसलिए सज्जनों को सदा सर्वत्र ओम् का ध्यान करना चाहिए।

ॐ में अरिहंत भगवान

अणंत-चदुक्क-जुत्ता, उम्मूलगा चिय घादिकम्माणं।
सव्वेसुं मज्झत्थं, सयलपरमप्पा अरिहंता॥33॥

सकल परमात्मा अरिहंत परमेष्ठी अनंत चतुष्टय से युक्त, घातिया कर्मों के उन्मूलक, सभी प्राणियों के प्रति माध्यस्थ भाव से युक्त होते हैं।

ॐ में सिद्धपरमेष्ठी

असरीर-उड्ढगामी, मुत्तिकंता य कम्मादो मुत्ता।
णिच्चं सिद्धा झेया, भव्वेहिं अप्पहिदत्थं दु॥34॥

अशरीरी, ऊर्ध्वगामी, मुक्ति स्त्री के कंत, सर्व कर्म से विमुक्त सिद्ध परमेष्ठी आत्म हित के लिए भव्यों के द्वारा नित्य ध्याने योग्य हैं।

ॐ में आचार्य परमेष्ठी

आयार-धारगा भव-दुहादो उद्धारगा य भव्वाण।
चदुविह-संघपालगा, आइरिया सय पुज्जणीया।।35।।

जो पंचाचार के धारक, भव्यों का संसार के दुःखों से उद्धार करने वाले, चार प्रकार के संघ के पालक आचार्य सदा पूज्यनीय हैं।

ॐ में उपाध्याय परमेष्ठी

धम्मुवएसगा सया, आयाराइ-बारसंग-धारगा।
मण-सोहगा सुपुज्जा, पाव-छेदगा उवज्झाया।।36।।

धर्मोपदेशक, आचारांग आदि द्वादशांग के धारक, चित्त शोधक, पाप के छेदक उपाध्याय सदैव पूज्य हैं।

ॐ में साधु परमेष्ठी

अत्त-वयणे सुलीणा, अघं खयिदुं तवजुदा अप्परदा।
मुत्तीए अणुरत्ता, विस्सपुज्जा णिग्गंथमुणी।।37।।

आप्त वचन में लीन, पापों के क्षय के लिए तप से युक्त, आत्मरत, मुक्ति में अनुरक्त निर्ग्रन्थ मुनि विश्वपूज्य हैं।

ॐ के ध्यान का फल

जो को वि भव्वजीवो, केण वि पयारेण कुणदि सुझाणं।
ओं पणवबीअक्खरं, मणे धरदि लहदि उहयसुहं।।38।।

जो कोई भी भव्य जीव किसी भी प्रकार से शुभ ध्यान करता है, 'ॐ' प्रणव बीजाक्षर को मन में धारण करता है वह उभय (अभ्युदय व निःश्रेयस) सुख को प्राप्त करता है।

सोम/चंद्र का ध्यान

सुहायर-कोडितुल्लं, चिम्मयकंति-संजुद-पसंतप्पा।
सिदपक्खससीव गुणा, वड्ढदि सोमझाणेणप्पे॥39॥

करोड़ों चंद्रमा के समान आत्मा चिन्मय कांति एवं प्रकृष्ट शांति से युक्त है। (इस प्रकार चंद्रमा का आलंबन लेते हुए आत्मा का ध्यान करना सोमध्यान कहलाता है।) जिस प्रकार शुक्ल पक्ष में चंद्रमा संवर्द्धित होता है उसी प्रकार सोमध्यान से आत्मा में गुण संवर्धित होते हैं।

सोमो जोदिसंजुदो, रायोव्व सव्वगिहणक्खत्तेसुं।
सोमज्झाणेणप्पा, मिअंगोव्व दीवदे अइरं॥40॥

ज्योति से युक्त सोम (चंद्र) सर्व ग्रह नक्षत्रों में राजा के समान है। सोम ध्यान से आत्मा शीघ्र चंद्रमा के समान दैदीप्यमान होती है।

हीयमाणो चंदो य, राहु-पीडिदो कलंक-संजुत्तो।
णवरि सोमज्झाणेण, अप्पा हवेदि सया सुद्धो॥41॥

चंद्रमा हीयमान, राहु से पीड़ित, कलंक से युक्त भी होता है किन्तु विशेषता यह है कि सोमध्यान से आत्मा सदैव शुद्ध होती है।

विलोम ध्यान

अभाविदं हु भावेमि, अणादीदो भाविदं ण भावेमि।
अप्पहिदत्थं करेज्ज, पत्तेयं विलोमज्झाणं॥42॥

आत्महित के लिए अनादिकाल से जो भाया है वह अब मैं नहीं भाता और जो नहीं भाया उसकी भावना करता हूँ। आत्म हितार्थ प्रत्येक जीव को विलोम ध्यान करना चाहिए।

व्योम ध्यान का स्वरूप

अप्पा वियारहीणो, सव्ववियारसुण्णं सहावेणं।
णिरवइक्ख-णिल्लेवो, णहोव्व झाणं वोम-झाणं॥43॥

आत्मा स्वभावतः सर्व विचारों से रहित है। जिस प्रकार आकाश सर्व विकारों से रहित होता है उसी प्रकार आत्मा भी विकार शून्य है। जिस प्रकार आकाश में सर्व द्रव्य मिले होने के बाद भी वह सबसे पृथक् होता है उसी प्रकार आत्मा भी निःस्पृह है। जिस प्रकार आकाश सर्व मलों से रहित है उसी प्रकार आत्मा भी सर्व कर्म मलों से रहित निर्लेप है। इस प्रकार आकाश का आलंबन लेकर आत्मा का ध्यान करना व्योम ध्यान है।

आज्ञाविचय धर्मध्यान

जिणदेवस्स दु आणं, चिंतंतो हवेदि जं झाणं तं।
आणाविचयं णेयं, ण संभवो मिच्छादिट्ठिस्स॥44॥

जिनेंद्र देव की आज्ञा का चिंतन करते हुए जो ध्यान होता है वह आज्ञाविचय धर्मध्यान जानना चाहिए। यह ध्यान मिथ्यादृष्टि के संभव नहीं है।

आणा-सम्मत्तस्स दु, जे के वि धारगा ते भव्वुल्ला।
आणा-धम्मज्झाणं, गहिदुं समत्था णियमादो॥45॥

जो कोई भी भव्यजीव आज्ञा सम्यक्त्व के धारक हैं वे नियम से आज्ञा धर्मध्यान ग्रहण करने में समर्थ होते हैं।

अपायविचय धर्मध्यान

अवायं णाम दुक्खं, पडिखणे चदुगदि-जीवा भुंजंति।
दुह-णिवत्तीए तादु, चिंतण-मवायविचयझाणं॥46॥

अपाय नाम दु:ख का है। चारों गतियों के जीव प्रतिक्षण दु:ख भोगते हैं। उस दु:ख से निवृत्ति का चिंतन करना अपाय-विचय नामक धर्मध्यान है।

विपाकविचय धर्मध्यान

फलदाणजोग्गकम्मणुभागादीण वा कम्मविवागस्स।
चिंतणं विवाग-विचय-धम्मज्झाणं मुणेदव्वं॥47॥

फल दान के योग्य कर्म के अनुभाग आदि का अथवा कर्म विपाक का चिंतन करना विपाक विचय धर्मध्यान जानना चाहिए।

कर्मफल चिंतन

कम्मुदयादो जीवा, चउगदीसु भुंजंति सुहं दुक्खं।
ताणं कम्मफलाणं, चिंतणं खलु विवागविचयं॥48॥

कर्म के उदय से जीव चारों गतियों में सुख व दु:ख भोगते हैं। उन कर्म के फलों का चिंतन करना विपाक विचय धर्म ध्यान जानना चाहिए।

पुरुषार्थ बल से ही कर्मक्षय

वसुकम्मं पणासिदुं, सगसम्मपुरिसट्ठबलेण भव्वा।
होंति समत्था जम्हा, संजमं विणा णेव मुत्ती।।49।।

अपने सम्यक् पुरुषार्थ के बल से भव्य जीव ही अष्ट कर्मों के नाश करने में समर्थ हो सकते हैं क्योंकि संयम के बिना मुक्ति नहीं होती। (एवं भव्य जीव ही संयम धारण कर पुरुषार्थ कर सकते हैं। जो अभव्य जीव के कदापि संभव नहीं है।)

संस्थानविचय धर्मध्यान

तिलोयाणं संठाण-पमाणाण ठिददव्वपज्जायाण।
लक्खण-चिंतणं च सुह-संठाणविचयझाणं जाण।।50।।

तीनों लोकों के संस्थान, प्रमाण, स्थित द्रव्य, पर्यायों, लक्षण का चिंतन करना संस्थानविचय धर्मध्यान जानना चाहिए।

संठाणं लोगस्स दु, पुरिसायारो अणाइयालादो।
तम्मि भमंते जीवा, अव्वदमिच्छत्तण्णाणेहि।।51।।

लोक का संस्थान पुरुषाकार है। अव्रत, मिथ्यात्व व अज्ञान से जीव उसमें अनादिकाल से भ्रमण कर रहे हैं।

संठाणविचयझाणे, चित्तं णो होदि थिरं अवदीणं।
तं झाणं कुव्वेदुं, महव्वदी सया समत्था दु।।52।।

अव्रतियों का चित्त संस्थान विचय धर्मध्यान में स्थिर नहीं होता। उस ध्यान को करने में सदा महाव्रती ही समर्थ होते हैं।

उपायविचय धर्मध्यान

जे के वि उवाया विज्जंति लोए भवसायरं तरिदुं।
ताण चिंतणं उवाय-विचय-धम्मज्झाणं सुहदा॥53॥

भवसागर तरने के लिए लोक में जो कोई भी उपाय विद्यामान हैं उनका चिंतन सुखद उपायविचय नामक धर्मध्यान कहलाता है।

सम्मत्त-णाण-संजम-वेरग्ग-तवेहि संजुत्त-झाणं।
णियमा भवखयहेदू, मुत्तीए कारणं णिच्चं॥54॥

सम्यक्त्व, ज्ञान, संयम, वैराग्य व तप से युक्त ध्यान नियम से भवक्षय का हेतु एवं मुक्ति का कारण है।

जीवविचय धर्मध्यान

जीवविचय-झाणं चिय, सुद्धसत्तिपगासणाइ जीवस्स।
झाणं सहाव-गुण-पज्जायाणं च संविदिदव्वं॥55॥

जीव की शुद्ध शक्ति को प्रकट करने के लिए जीव के स्वभाव गुण व पर्यायों का ध्यान जीवविचय धर्मध्यान जानना चाहिए।

अजीवविचय धर्मध्यान

दव्वाणं चिंतणं दु, पोग्गलाइ-अजीव-सहावाणं च।
अजीवविचयं झाणं, मुणेदव्वं जिणागमेणं॥56॥

पुद्‌गलादि अजीव द्रव्यों के स्वभाव का चिंतन जिनागम से अजीवविचय धर्मध्यान जानना चाहिए।

अजीवो पंचविहो दु, पोग्गल-धम्माधम्म-याल-णहाणि।
चउ-अजीवा सासया, सुद्धा दव्वगुणपज्जयेहि।।57।।

अजीव द्रव्य, पाँच प्रकार का है-पुद्गल, धर्म, अधर्म, काल व आकाश। धर्म, अधर्म, आकाश व काल ये चार अजीव द्रव्य शाश्वत एवं द्रव्य-गुण-पर्यायों से शुद्ध होते हैं।

पोग्गलो अणू खंधो, खंधासुद्धा अणू सुद्धो किण्णु।
एयरस-गंध-वण्ण-दुफासजुदो पुण-पुण असुद्धो।।58।।

पुद्गल अणु व स्कंध रूप होता है। स्कंध पुद्गल की अशुद्धावस्था है। एक रस, एक गंध, एक वर्ण व दो स्पर्श से युक्त अणु पुद्गल की शुद्ध अवस्था है किन्तु वह पुनः-पुनः अशुद्ध होता है।

जीवो असुद्धो ताव, जाव पोग्गलणेण सह भमदि भवे।
तादो अच्चंत-पिथग-अजीव-रहिदो सुद्ध-जीवो।।59।।

जीव जब तक अशुद्ध है तब तक वह लोक में पुद्गल के साथ परिभ्रमण कर रहा है। उससे अत्यंत पृथक् अजीव द्रव्य से रहित जीव शुद्ध है।

जीवस्स य रायद्दोसाइ-णिमित्तेण पोग्गलासवो होदि।
जदि खयदि रायदोसा, ण आसवो ण बंधो कया वि।।60।।

जीव के राग-द्वेषादि के निमित्त से पुद्गल का आस्रव होता है। यदि जीव राग व द्वेष को नष्ट कर देता है तो न तो कभी आस्रव होता है और न कभी बंध।

हवेदि जदि भव्वुल्लो, इगवारो सुद्धो चउ-अजीवोव्व।
ण पुण कयावि असुद्धो, तं करेज्ज सम्मपुरिसट्ठं।।61।।

यदि भव्यजीव धर्मादि चार अजीव द्रव्य के समान शुद्ध होता है तो वह पुनः कदापि अशुद्ध नहीं होता अतः सम्यक् पुरुषार्थ करना चाहिए।

जीवाण भवकारणं, अजीवा पडि रायदोसं णियमा।
तं सुद्धप्पं चिंतिय, अजीव-मुज्झिय परमसुद्धो॥62॥

जीवों का अजीव के प्रति राग व द्वेष नियम से संसार का कारण है। अतः अजीव का त्याग कर शुद्धात्मा का चिंतन कर परम शुद्ध होओ।

हेतुविचय धर्मध्यान

जे के वि मोक्खहेदू, ताणं सव्व-सम्मत्तादीणं दु।
सम्म-चिंतणं हेदू-विचयझाणं संविदिदव्वं॥63॥

जो कोई भी मोक्ष का कारण है उन सभी सम्यक्त्व आदि का सम्यक् चिंतन करना हेतु विचय धर्मध्यान जानना चाहिए

सव्व-भव-कारणादो, मिच्छत्तादीदु चिंतणं तादो।
णिवत्तीइ विसुद्धीइ, णेयं दु हेदु-विचय-झाणं॥64॥

मिथ्यात्व आदि सभी संसार के कारणों से निवृत्ति का विशुद्धिपूर्वक चिंतन करना हेतुविचय धर्मध्यान जानना चाहिए।

विरागविचय धर्मध्यान

भवसरीर-भोयादो, जे वि विरत्तीइ कारणं ताणं।
जिणवयणाइ-चिंतणं, अघणासग-विरागविचयं दु॥65॥

संसार-शरीर-भोगों से जो भी विरक्ति का कारण हैं उनका चिंतन एवं जिनवचनों का चिंतन करना पापों का नाश करने वाला विरागविचय धर्मध्यान जानना चाहिए।

भव-सरीर-भोयाणं, असारत्तस्स तादु विरत्तीए।
चिंतणं विराग-विचय-धम्म-झाणं पुण्णवड्ढगं॥66॥

संसार, शरीर, भोगों की असारता एवं उनसे विरक्ति का चिंतन करना पुण्य को संवर्धित करने वाला विरागविचय धर्म ध्यान जानना चाहिए।

वेरग्गं रयणत्तय-पाणो सरीरं धम्मज्झाणस्स।
संजम-मूलं तम्हा, करेज्ज विराग-विचय-झाणं॥67॥

वैराग्य रत्नत्रय का प्राण, धर्मध्यान का शरीर और संयम का मूल है अतः विरागविचय ध्यान करना चाहिए।

वैराग्य ही सारभूत

खीरे सप्पीव तिले, तिल्लं व सलिलम्मि सीयलत्तं व।
रयणायरे रयणं व, सारं वेरग्गं तिलोए॥68॥

जिस प्रकार दुग्ध में घृत, तिल में तेल, पानी में शीतलता एवं रत्नाकर में रत्न सार है उसी प्रकार तीन लोक में वैराग्य सारभूत है।

संसार स्वरूप

संसारो पंचविहो, जीवो भमदि अणादीदो भवम्मि।
सम्मचिंतणेण विणा, भवं छिंदिदुं समत्थो को॥69॥

संसार पाँच प्रकार का है। अनादिकाल से यह जीव संसार में परिभ्रमण कर रहा है। स्वकीय सम्यक् चिंतन के बिना संसार को छेदने में कोई जीव समर्थ नहीं है।

भवविचय धर्मध्यान

दव्वखेत्तयालभाव-भवभेयादु परिवट्टणं पणहा।
ताण सरूव-चिंतणं, भवं खयेदुं भवविचयं दु॥70॥

द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव व भव के भेद से पाँच प्रकार का परिवर्तन जानना चाहिए। संसार के क्षय के लिए उनके स्वरूप का चिंतन करना भवविचय धर्मध्यान है।

द्रव्य परिवर्तन

विज्जंता तिलोयम्मि, कम्मणोकम्मवग्गणा विविहा य।
बंधदि मुंचदि अणंतवारं कमेणं संसारी॥71॥

पुण ताउ वग्गणाउ हि, जदा ताणं भावाणुसारेणं।
गहदि तदा णादव्वं, एगं दव्व-परिवट्टणं हु॥72॥

लोक में विविध कर्म व नोकर्म वर्गणाएँ विद्यमान हैं। संसारी जीव उन्हें क्रम से अनंत बार बांधता है व छोड़ता है। पुनः जब उन्हीं (प्रारंभ में ग्रहण की गई) वर्गणाओं को उन्हीं भावों के अनुसार ग्रहण करता है तब वह एक द्रव्य परिवर्तन जानना चाहिए।

विशेषार्थ-किसी विवक्षित समय में एक जीव ने कर्म व नोकर्म वर्गणाएँ ग्रहण कीं और उन्हें भोगकर छोड़ दिया। इसके बाद अनंतबार अगृहीत, अनंतबार मिश्र व अनंतबार गृहीत ग्रहण करके छोड़ दिए। इसके बाद जब वे ही पुद्गल वैसे ही रूप, रस, गंध, स्पर्श आदि भावों को लेकर उसी जीव के वैसे ही परिणामों से पुनः ग्रहण किए जाते हैं तब एक द्रव्य परावर्तन कहलाता है।

कर्म वर्गणाओं की अपेक्षा यह कर्म द्रव्य परावर्तन और नोकर्म वर्गणाओं की अपेक्षा यह नोकर्म द्रव्य परावर्तन कहलाता है।

क्षेत्र परिवर्तन

लोगे ण पदेसेसो, जत्थ जादि ण मरदि अणंतवारं।
जइ-यालम्मि कमेणं, तई इग-खेत्त-परिवट्टणं॥73॥

लोक में एक भी ऐसा प्रदेश नहीं है जहाँ जीव अनंतबार जन्म-मरण न करता हो। जितने काल में जीव लोक के प्रत्येक प्रदेश पर क्रमशः जन्म व मरण करता है उतना काल एक क्षेत्र परावर्तन जानना चाहिए।

विशेषार्थ– 343 घनराजू वाले इस लोक में जीव अनेक बार जन्म-मरण कर चुका है। यही क्षेत्र परावर्तन है। यह दो प्रकार का है–स्वक्षेत्र परावर्तन और परक्षेत्र परावर्तन।

स्वक्षेत्र परावर्तन–कोई जीव सूक्ष्म निगोदिया जीव की जघन्य अवगाहना को लेकर उत्पन्न हुआ और आयु पूर्ण करके मरण को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात् अपने शरीर की अवगाहना क्रमशः एक-एक प्रदेश की अवगाहना को बढ़ाते-बढ़ाते महामत्स्य की अवगाहना पर्यन्त अनेक अवगाहना धारण करता है उसे स्वक्षेत्र परिवर्तन कहते हैं।

2. परक्षेत्र परावर्तन–कोई जघन्य अवगाहना का धारक सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीव लोक के आठ मध्य प्रदेशों को अपने शरीर के आठ मध्यप्रदेश बनाकर उत्पन्न हुआ पश्चात् वही जीव उसी रूप से उसी स्थान में दूसरी बार, तीसरी

बार भी उत्पन्न हुआ। इसी प्रकार घनाङ्गुल के असंख्यातवें भाग जघन्य अवगाहना के जितने प्रदेश हैं उतनी बार उसी स्थान पर क्रम से उत्पन्न हुआ और श्वास के अठारहवें भाग प्रमाण क्षुद्र आयु को भोगकर मरण को प्राप्त हुआ। पश्चात् एक-एक प्रदेश बढ़ाते हुए सम्पूर्ण लोक को अपना जन्म-मरण क्षेत्र बना ले वह परक्षेत्र परिवर्तन है।

काल परिवर्तन

अवसप्पिणि-उवसप्पिणि-पत्तेय-समये कमेण जम्मेदि।
मरदि जदा तदा एग-यालपरिवट्टणं जाणेज्ज॥74॥

जब जीव अवसर्पिणी व उत्सर्पिणी के प्रत्येक समय में क्रम से जन्म व मरण कर लेता है तब वह एक कालपरिवर्तन जानना चाहिए।

भव परिवर्तन

जावइआ चदुगदीण, जहण्णे आउम्मि होंति समया दु।
तावइअ-वारं मरदि, जम्मदि जीवो लहदि दुक्खं॥75॥

लहदि जहण्णाऊदो, अणंतभवा वरट्ठिदि-पज्जंतो।
चदुगदीणं कमेणं, समयं समयं वड्ढमाणं॥76॥

देवगदीए जीवो, भुंजदि इगतीस-सागरस्साउं।
उप्पज्जदि जं, मिच्छादिट्ठी गेवेज्ज-पज्जंतं॥77॥

चारों गतियों की जघन्य आयु में जितने समय होते हैं जीव उतनी ही बार जन्म-मरण करता है व दुःख प्राप्त करता है। चारों गतियों की जघन्य आयु से लेकर उत्कृष्ट स्थिति पर्यंत

एक-एक समय बढ़ता हुआ क्रम से अनंत भवों को प्राप्त करता है। विशेषता यह है कि देवगति में जीव 31 सागर की आयु भोगता है क्योंकि मिथ्यादृष्टि जीव ग्रैवेयक पर्यंत ही उत्पन्न होता है। यही एक भव परावर्तन कहलाता है।

विशेषार्थ—नरक गति में जघन्य आयु दस हजार वर्ष की है। उस आयु को लेकर कोई जीव प्रथम नरक में उत्पन्न हुआ और मरण को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार दस हजार वर्ष के जितने समय हैं उतनी बार दस हजार वर्ष की आयु लेकर प्रथम नरक में उत्पन्न हुआ और मरण को प्राप्त हुआ। पुनः एक समय अधिक दस हजार वर्ष की आयु लेकर उत्पन्न हुआ। इसी प्रकार एक-एक समय बढ़ते-बढ़ते नरक गति की उत्कृष्ट आयु 33 सागर पूर्ण करता है। पश्चात् तिर्यंचगति में अन्तर्मुहूर्त की जघन्य आयु लेकर उत्पन्न हुआ और पहले की ही तरह अन्तर्मुहूर्त के जितने समय होते हैं उतनी बार अन्तर्मुहूर्त आयु लेकर वहाँ उत्पन्न हुआ। फिर एक-एक समय बढ़ते-बढ़ते तिर्यंचगति की उत्कृष्ट आयु तीन पल्य समाप्त करता है। पुनः तिर्यंचगति की ही तरह मनुष्यगति में भी अन्तर्मुहूर्त की जघन्य आयु लेकर तीन पल्य की उत्कृष्ट आयु समाप्त करता है। पुनः नरकगति की तरह देवगति की आयु को समाप्त करता है। किन्तु देव गति में इतनी विशेषता है कि वहाँ 31 सागर उत्कृष्ट आयु को पूर्ण करता है, क्योंकि ग्रैवेयक में उत्कृष्ट आयु 31 सागर की ही होती है और मिथ्यादृष्टियों की उत्पत्ति ग्रैवेयक तक ही होती है। इसी प्रकार चारों गतियों की आयु पूर्ण करने को भव परिवर्तन कहते हैं।

भाव परिवर्तन

जोगठाणेहि जीवो, कसायज्झयवसाय-ठाणेहिं च।
अणुभाग-ठिदिठाणेहि, परिणमदे भाव-संसारे॥78॥

जीव योगस्थान, कषायाध्यवसाय स्थान, अनुभाग बन्धाध्यवसाय व स्थिति स्थान के द्वारा भाव संसार में परिणमन करता है।

